हरिभूमि
जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शनिवार, 6 जनवरी 2024

तापमान
अधिकतम 16.0 डिग्री
न्यूनतम 6.0 डिग्री

8 सरकार और जींद प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की

8 डाटा एंट्री आपरेटर गैरहाजिर कारण बताओ नोटिस जारी

YADUVANSHI GROUP OF INSTITUTIONS

India's No. 1 SCHOOL Since-1995

यदुवंशी शिक्षा निकेतन

"शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले, वतन पर मिटने वालों का यही बाकी निशां होगा..."

आमंत्रण
स्थापना दिवस
"भव्य समारोह"
मकर संक्राति 14 जनवरी 2024 रविवार
स्थान: नई अनाज मंडी, चरखी दादरी
प्रीतिभोज : प्रातः 11:00 बजे से

"मन समर्पित, तन समर्पित और यह जीवन समर्पित, चाहता हूँ देश की धरती तुझे अभी कुछ और भी दूँ..."
*In respect of renowned personalities, please ignore hierarchy.

आदरणीय स्नेहीजन,
हम किसी कारणवश आपसे व्यक्तिगत तौर पर नहीं मिल पाये तो इसके लिए क्षमा प्रार्थी है। आप सभी से हमारी करबद्ध प्रार्थना है कि हमारा निमंत्रण सहृदय स्वीकार करें।
-राव बहादुर सिंह

अध्यक्ष
माननीय श्री श्रवण कुमार
विधायक सूरजगढ़ (राजस्थान)

मुख्यातिथि
माननीय श्री सत्य पाल सिंह मलिक
प्रसिद्ध भारतीय राजनीतिज्ञ एवं पूर्व राज्यपाल- जम्मू कश्मीर, गोवा, बिहार एवं मेघालय

निवेदक
राव बहादुर सिंह
पूर्व विधायक नांगल चौधरी एवं चैयरमैन यदुवंशी ग्रुप

on SUNDAY 21st January 2024
Yaduvanshi Shiksha Niketan

Mahendergarh	Ph:9466341799
Rewari	Ph:8901167461
Narnaul	Ph:9468061387
Satnali	Ph:9812330666
Gurugram Sec 92	Ph:9053905384

Time: 10:00 am to 12:00 noon

Offline Registration on the spot also.

Buses will be Available on all the Nearby Routes

YADUVANSHI
CHAIRMAN'S SCHOLARSHIP
Cum ADMISSION TEST (YCSAT)
For Class I to XII
upto 100% on Tuition & Hostel Fee

on SUNDAY 28th January 2024
Yaduvanshi Shiksha Niketan

Thanwas	Ph:9050784050
Sohali	Ph:9991217659
Mandola	Ph:7027134134
Gurugram Sec 33	Ph:9053905381
Jind	Ph:9053905361
Dhani Mahu	Ph:9050007943
Kanina	Ph:9053048100
Kosli	Ph:9053002458
Hansi	Ph:9053905366

Time: 10:00 am to 12:00 noon

for ONLINE Registration SCAN & REGISTER
Visit at www.yaduvanshigroup.edu.in

REQUIREMENTS

INTERVIEW SCHEDULE:
Time: 12:00 pm to 03:00 pm

Principal, Academic Heads
21 January 2024 : Mahendergarh, Rewari, Narnaul, Satnali, Gurugram Sec-92
28 January 2024 :Thanwas (N.Chaudhary), Mandola (Ch. Dadri), Gurugram Sec-33, Jind, Dhani Mahu (Bhiwani), Kanina, Kosli, Hansi, Sohali (Raj.)

COACHING EXPERTS (All subjects) for NEET/IIT/NDA/CLAT/CA SALARY : 2 to 3 Lac per month
PGT:All Subjects (1 to 2 Lac p.m.) | TGT:All Subjects (50 Thousand to 1 Lac p.m.)| PRT:All Subjects (20-50 Thousand p.m.)| NTT/Mother Teacher
Others: NTT,Hostel Warden (M/F), NIS Coaches (M/F), DPEs, PTIs, Librarian, Accountant, Music Teacher, Dance Teacher, Art & Craft, Computer Operator-cum- Web Designer, Graphic Designer, English Communication Teacher.

Mahendergarh: 9466341799 | Narnaul: 9468061387 | Thanwas: 9050784050 | Dhani Mahu: 9050007943 | Jind: 9053905361 | Gurugram Sec.92 : 9053905384 | Gurugram Sec.33: 9053905381
Rewari: 8901167461 | Satnali: 9812330666 | Sohali (Rajasthan): 9991217659 | Kosli : 9053002458 | Hansi : 9053905366 | Kanina: 9053048100 | Mandola: 7027134134

खबर संक्षेप

उपलों मे छुपाई 224 ग्राम चरस बरामद

जींद। डाहौला से थुआ रोड पर खतों में बने उपलों के ढेर से अलेवा थाना पुलिस ने 224 ग्राम चरस बररामद की है। अलेवा थाना पुलिस ने अज्ञात लोगो के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अलेवा थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव डाहौला से गांव थुआ की तरफ जाने वाले रास्ते पर जसबीर के खेत में उपले बने हुए हैं।

आज चार घंटे बंद रहेगा न्यू जींद सब स्टेशन

जींद। शनिवार को 132केवी न्यू जींद सब स्टेशन 4 घंटे बंद रहेगा। एसई प्रमोद कुमार के अनुसार इस सब स्टेशन से जुड़े 11केवी फीडर संगतपुरा, ईंटल, लिंक, एचएसआईडीसीए रेलवे स्टेशनए हांसी रोड, सिटी नंबर 2 की बिजली सप्लाई बंद रहेगी। उन्होंने कहा कि सुबह 11 से तीन बजे तक बिजली सप्लाई बंद करके मुरम्मत का काम किया जाएगा।

एटीएम कार्ड बदल 33 हजार का चूना

जींद। गाव करसिंधु बैंक के एटीएम केबिन में व्यक्ति को युवक की सहायता लेना महंगा पड़ गया। युवक ने उसका एटीएम कार्ड बदल कर 33 हजार रुपये का चूना लगा दिया। उचाना थाना पुलिस ने व्यक्ति की शिकायत पर अज्ञात युवक के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव गुरूकुल खेड़ा निवासी बिजेंद्र ने पुलिस को शिकायत दी है।

परशुराम धर्मशाला में सम्मान समारोह आज

उचाना। बस स्टैंड के पास भगवान परशुराम धर्मशाला में हरियाणा ग्रामीण उत्थान संस्थान द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व वित्त मंत्री एवं भाजपा नेता कैप्टन अभिमन्यु पहुंचेंगे। यह जानकारी देते हुए बलवान शर्मा, अमित संधु ने बताया कि कार्यक्रम की सभी तैयारी पूरी कर ली गई है।

रंजिशन हमला करने पर 3 के खिलाफ केस

जींद। गांव छात्तर में रंजिशन हमला कर व्यक्ति को घायल करने पर उचाना थाना पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव छात्तर निवासी फूलकुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव के ही शमशेर से रंजिश चली आ रही है। वह खेत से लौट रहा था तो उसी दौरान शमशेर, सुमित तथा मूर्ति ने उस पर हमला कर दिया।

4600 ग्रेड पे-पदों को भरने की उठाई मांग

जींद। स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत फार्मेसी आफिसरों ने अपनी लंबित मांगो को लेकर बलबीर श्योराण के मार्ग दर्शन में सिविल सर्जन को ज्ञापन सौंपा। इसमें लंबित पडे पदों को भरने व 4600 ग्रेड पे सहित अन्य मांगो को रखा गया। सिविल सर्जन डा. गोपाल किशोर गोयल के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाएं महानिदेशक को ज्ञापन भेजा गया। राजकीय फार्मासिस्ट एसो.के प्रधान सुधीर खर्ब ने कहा कि फार्मेसी आफिसर स्वास्थ्य विभाग में हिडन आर्मी की तरह है। जिस पर सुई से लेकर हर बडी चीज उपलब्ध करवाने की जिम्मेदारी होती है।

दुल्हन जेवर व अन्य सामान लेकर फरार

जींद। चालक पति स्कूली बच्चों को बस में लेकर भ्रमण पर गया था। पीछे से लगभग डेढ़ माह पहले ब्याह कर लाई गई दुल्हन जेवरात व अन्य सामान को लपेट कर फरार हो गई। पति ने आरोप लगाया कि वारदात में पत्नी के अलावा उसकी सास तथा एक अन्य भी शामिल है। जुलाना थाना पुलिस ने फिलहाल व्यक्ति की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव हैबतपुर में इकत्तीस पशु चोरी, मुकदमा दर्ज

जींद। गांव हैबतपुर में बीती रात चोरों ने कमरे को ताला तोड़ कर तीस बकरी तथा एक बकरे को चोरी कर लिया। सिविल लाइन थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव हैबतपुर निवासी विशाल ने पुलिस को शिकायत दी है।

सीईटी परीक्षा के लिए परीक्षार्थियों को केंद्र तक पहुंचाने के लिए रोडवेज तैयार

परीक्षा आज और कल: पंचकूला में बनाए गए परीक्षा केंद्रों पर बसों को स्पेशल भेजे जाने को लेकर प्लान तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सरकार द्वारा छह और सात जनवरी को सीईटी (सामान्य पात्रता परीक्षा) का आयायोजन किया जा रहा है। इस परीक्षा को लेकर रोडवेज प्रबंधन अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों तक निशुल्क पहुंचाएगा। दो दिन होने वाली सीईटी परीक्षा को लेकर रोडवेज प्रबंधन ने तैयारियां शुरू कर दी है। इन दो दिनों में रोडवेज प्रबंधन अभ्यर्थियों को बेहतर परिवहन सुविधा देगा। रोडवेज प्रबंधन ने बसों को स्पेशल भेजने को लेकर प्लान तैयार कर लिया है। शुरुआत में दो-चार बसों को ही स्पेशल के तौर पर रखा जाएगा। यदि परीक्षार्थियों की 'यादा भीड़ हुई तो

जींद। जींद बस अड्डा। फोटो :हरिभूमि

दूसरी बसों को बूथों पर लगा कर परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र ले जाया जाएगा। हालांकि इस बार हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन ने प्रदेश के सभी परीक्षार्थियों का परीक्षा केंद्र पंचकूला बनाया है। बोर्ड के अनुसार इस बार पूरे प्रदेश से लगभग 2300 परीक्षार्थियों द्वारा ही सीईटी की परीक्षा दी जानी है। वहीं जींद से इस बार 250 के आसपास ही परीक्षार्थियों परीक्षा देंगे। इस बार बसों में भीड़भाड़ वाली स्थिति नहीं होगी। क्योंकि इस बार परीक्षार्थियों की संख्या बेहद कम है। सीईटी परीक्षा देने वाले सभी परीक्षार्थियों की रोडवेज बसों में टिकट नहीं लगेगी। सभी परीक्षार्थियों का अपने-अपने परीक्षा केंद्रों तक रोडवेज बसों में सफर निशुल्क रहेगा। इसके अलावा जो महिलाएं परीक्षार्थी हैं वह अपने साथ सहायक के तौर पर पारिवारिक सदस्य को ले जा सकती हैं। रोडवेज बसों में सहायक को भी निशुल्क परिवहन सुविधा दी जाएगी। परीक्षार्थियों की परिवहन सुविधा को ध्यान में रखते हुए महाप्रबंधक ने छह और सात जनवरी को स्पेशल तौर पर बसों की व्यवस्था रखने के निर्देश जारी किए हैं। **परीक्षा का यह रहेगा शेड्यूल** छह जनवरी को सुबह के सत्र में परीक्षा का समय 10:15 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक रहेगा। जबकि रिपोर्टिंग का समय सुबह 08:30 से 09:30 तक रहेगा। वहीं सायंकालीन सत्र की परीक्षा का समय दोपहर 03:15 बजे से शाम 05:00 बजे तक रहेगा। वहीं रिपोर्टिंग का समय दोपहर 01:30 से 02:30 बजे तक रहेगा। इसी प्रकार सात जनवरी को भी होने वाली परीक्षा के लिए यही शेड्यूल रहेगा।

चलेगी स्पेशल बसें : जीएम

जींद डिपो के महाप्रबंधक कमलजीत सिंह ने बताया कि बसों में परीक्षार्थी निशुल्क सफर कर सकते हैं। महिला परीक्षार्थी के साथ एक सहायक भी निशुल्क सफर कर सकता है। सफर के दौरान परीक्षार्थी को एडमिट कार्ड दिखाना होगा। प्रदेश सरकार की छह और सात जनवरी को होने वाली सीईटी परीक्षा को लेकर बसों की व्यवस्था की गई है।

पंचकूला के लिए सुबह 4: 50 बजे चलेगी बस: शनिवार को सुबह के सत्र में होने वाली परीक्षा को लेकर परीक्षार्थी जींद से सुबह पंचकूला जाने वाली पहली बस से जा सकते हैं। जींद बस अड्डे से पंचकूला के लिए पहली बस सुबह 4:50 पर चलेगी। इसके बाद अभ्यर्थियों की संख्या के हिसाब से बसों को भेजा जाएगा। पंचकूला बूथ पर जैसे ही परीक्षार्थियों की भीड़ जमा होगी तो तुरंत रोडवेज कर्मचारी स्पेशल के तौर पर रखी हुई बस को पंचकूला के लिए रवाना कर देंगे। हालांकि इस बार डिपो के पास बसों की कमी नहीं है। डिपो में 90 नई बसें शामिल होने से रोडवेज बेड़े में बसों की संख्या 198 हो गई है। अब डिपो को स्पेशल बसें रखने की जरूरत नहीं है। जैसे ही बूथ पर बस की जरूरत पड़ी तो तुरंत बाद बस को बूथ के लिए रवाना कर दिया जाएगा।

रेलवे फाटक पर छोटा अंडरपास निर्माण को लेकर धरना

सरकार और जींद प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की

व्यापारिक संगठनों को मिला किसान, सामाजिक संगठन-खाप का साथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

देवीलाल चौक के पास रेलवे फाटक के पास शुक्रवार को व्यापारिक संगठनों, सामाजिक संस्थाओं और किसान संगठनों ने धरना दिया। इसमें संगठन सदस्यों ने रेलवे फाटक वाला रास्ता बंद होने से व्यापारी और किसान संगठनों में गुस्सा जाहिर किया और हरियाणा सरकार और जींद प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के जिला प्रधान महावीर कंप्यूटर ने शहर के बद से बदतर हालात पर वर्तमान विधायक व सांसद सोनीपत को जिम्मेवार ठहराया। इसके बाद समस्याओं का एक ज्ञापन ई.मेल के माध्यम से सीएम को भेजा गया। नगर प्रधान ईश्वर बंसल, राजकुमार जिंदल और कंडेला खाप के प्रधान ओमप्रकाश ने धरने की अध्यक्षता की। धरने में मुख्य वक्ता के रूप में हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के जिला प्रधान महावीर कंप्यूटर ने कहा कि अगर देवीलाल चौक पर स्थित रेलवे फाटक पर छोटा अण्डरपास का निर्माण कार्य जल्द शुरू नहीं हुआ तो जन आंदोलन किया जाएगा। धरने पर फैसला लिया गया कि 16 जनवरी को व्यापारी व किसान

जींद। धरने को संबोधित करते महावीर कंप्यूटर। फोटो :हरिभूमि

संगठन, सामाजिक संगठनों की मीटिंग बुला कर रूपरेखा तैयार की जाएगी। महावीर कंप्यूटर ने कहा कि यह रास्ता जींद के राजा के समय का है और यह रास्ता बंद होने की वजह से आसपास के दुकानदारों का व्यापार चौपट हुआ है तथा सैंकड़ों युवा बेरोजगार हुए है और शहर को दो भागों में बांट दिया है। इससे पैदल का रास्ता बिल्कुल बंद हो चुका है। शहर की मुख्य सड़कें गड्ढों में तबदील हुई है। शहर के सौंदर्यीकरण का भट्ठा वर्तमान विधायक व सांसद सोनीपत की नाकामी की वजह से हुआ है। 16 जनवरी की बैठक में आंदोलन का बडा फैसला हो सकता है। विधायक के निवास का घेराव तथा डीसी घेराव का फैसला लिया जा सकता है। तब तक आंदोलन जारी रहेगा जब तक शहर की सडकों का निर्माण व छोटा रेलवे अंडरपास नहीं बनता। महावीर कंप्यूटर ने कहा कि यह आंदोलन जन आंदोलन बनेगा और शहर की सुविधाओं के लिए यह आंदोलन है। इस मुख्य रास्ते के नजदीक कई प्राचीन मंदिर व श्मशान घाट लगता है जिसमें शव यात्रा ले जाने में बड़ी मुश्किल का सामना करना पड़ता है। चुने हुए प्रतिनिधियों ने निर्दयी होने का उदाहरण पेश किया है जो किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। व्यापारी व किसान संगठन पूरे आक्रोश में है। महावीर कंप्यूटर ने कहा कि देवीलाल चौक के पास रेलवे फाटक के पास छोटा अंडरपास का निर्माण कार्य आरंभ कराने के लिए, जींद शहर के टूटे हुए रोड़ पर निर्माण कार्य जल्द से जल्द शुरू कराने, जींद शहर में ठप पड़ी सीवरेज व्यवस्था सुधारने के लिए और जींद शहर में सीसी टीवी कैमरे लगाने की मांग का ज्ञापन सीएम को ई-मेल के माध्यम से भेजा गया। इस अवसर किसान नेता सुरेश कोथ ने कहा कि व्यापारी वर्ग व किसान संगठन इकट्ठा होकर संघर्ष करेंगे और प्रशासन व विधायक की नींद खोलने का काम किया जाएगा। किसान नेत्री पूनम कंडेला ने कहा कि हमने बहुत लड़ाइयां जीती है और व्यापारियों की लड़ाई भी हम जीतेगें।

ये रहे मौजूद

धरने पर पालिका बाजार एसोसिएशन के प्रधान जयकुवार गोयल, राजकुमार जिंदल, सतीश, राजेश, विनोद दीक्षित, रमेश बंसल, अशोक जैन, राजेश काजी, सुशील घोघडिया, अनिल गर्ग, हरिओम, तरसेम गोयल, रामबिलास, आईडी गोयल, ईश्वर बंसल, सुरेश गर्ग, धर्मपाल गर्ग, सुरेश बंसल, वीपी गर्ग, पवन गर्ग, सुरेंद्र मित्तल, छज्जूराम कंडेला, पूजन आर्य, सुनील, पंकज, नीरज, विशाल, सुनील जिंदल सहित अनेक व्यापारी मौजूद रहे।

अंडरब्रिज बना परेशानी

देवीलाल चौक के निकट यू आकार में अंडरब्रिज तो बना है लेकिन खच्चर तथा हाथ रेहड़ी, साइकिल, रिक्शा तथा पैदल निकलने वाले लोगो को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। गहराई 'यादा होने के चलते दूर छोर तक पहुचना जंग जितने के सामान है। मजबूरी में छात्र, पैदल लोग तथा साईकिल सवार अडर ब्रिज की बजाय रेलवे लाइन को पार कर रहे है। जिसके चलते हादसे होने की संभावना भी बनी रहती है। देवीलाल चौक पर फाटक को बंद करने से यह दिक्कत ओर 'यादा बढ़ गई है। लाइन पार कई बस्तियां तो हैं ही साथ मे स्कूल, मंदिर तथा शमशान घाट भी है।

जींद। निरीक्षण करते विधायक रामनिवास सुरजाखेड़ा। फोटो :हरिभूमि

डाटा एंट्री आपरेटर गैरहाजिर कारण बताओ नोटिस जारी

- नरवाना विधायक ने किया ई-दिशा केंद्र का औचक निरीक्षण
- कार्यशैली सही ना मिलने पर नायब तहसीलदार को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नरवाना के विधायक रामनिवास सुरजाखेड़ा ने शुक्रवार को नरवाना लघु सचिवालय के ई-दिशा केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान डाटा एंट्री आप्रेटर गैरहाजिर पाया गया तथा नायब तहसीलदार की कार्यशैली ठीक न होने पर फटकार लगाई। गैरहाजिर डाटा एंट्री आपरेटर को कारण बताओ जारी करने के दिशा निर्देश एसडीएम नरवाना को दिए। साथ ही उन्होंने कामकाज के लघु सचिवालय आने वाले लोगों की समास्यों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने के आदेश दिए हैं।

नरवाना के विधायक रामनिवास सुरजाखेड़ा शुक्रवार को नरवाना लघु सचिवालय के ई-दिशा केंद्र पर औचक दस्तक दी। ई-दिशा केंद्र का डाटा एंट्री आप्रेटर मुनीम कुमार गैरहाजिर मिला। लोगों की परेशानी को देखते हुए उन्हें साथ चल रहे नरवाना के एसडीएम का डाटा एंट्री आपरेटर को को कारण बताओ नोटिस जारी करने आदेश दिए। जिसके बाद वे लोगों की भीड़ देख कर नायब तहसीलदार कार्यालय में पहुंचे और कार्यशैली पर नाराजगी जताते हुए उन्हें फटकार लगाई। उन्होंने आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने की नसीहत दी। विधायक रामनिवास सुरजाखेड़ा ने बताया कि लोगों को दिक्कत नही होनी चाहिए। जनसमस्याओं का निपटान प्राथमिक आधार पर होना चाहिए। जनता के परेशान होने पर सरकार की भी बदनामी होती है। अधिकारी जनसमस्याओं का निपटान प्राथमिक आधार पर करें।

विधायक ने दिए बरसोला सब माइनर के लिए जमीन अधिग्रहण करने के आदेश

- ग्रामीणों के साथ उपायुक्त से मिले विधायक, विकास कार्यों पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद के भाजपा विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा ने शुक्रवार को बरसोला सब माइनर के लिए भूमि अधिग्रहण को लेकर डीसी मोहम्मद इमरान रजा से मुलाकात की और जल्द से जल्द कार्य शुरू करवाए जाने के दिशा-निर्देश दिए।

बैठक के दौरान गांव बरसोला के ग्रामीण भी मौजूद रहे और माइनर के लिए भूमि अधिग्रहण के लिए सहमति भी जताई। इसके साथ ही विधायक ने शहर में करवाए जा रहे विकास कार्यों की प्रगति रिपोर्ट भी ली और मुख्यमंत्री मनोहरलाल द्वारा की गई घोषणाओं को तय समय में गुणवत्ता के साथ करवाए जाने की बात कही।

जींद के भाजपा विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा गांव बरसोला के ग्रामीणों के साथ डीसी से मिले। विधायक ने कहा कि गांव बरसोला में सब माइनर बनाई जानी प्रस्तावित है। इस माइनर के बनने से गांव के लोगों व किसानों को बहुत फायदा होगा। माइनर निर्माण के लिए जमीन अधिग्रहित की जानी है। इस कार्य को विभागीय कार्रवाई पूरी करते हुए जल्द से जल्द पूरा करवाया जाए ताकि सब माइनर निर्माण कार्य को जल्द से जल्द शुरू हो सके। डीसी ने विधायक को आश्वासन दिया कि जल्द ही भूमि अधिग्रहण का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया

- कराटे में इंडस ग्लोबल अकादमी के खिलाड़ियों ने जीते छह पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नोर्थ इंडिया ओपन कराटे प्रतियोगिता का आयोजन 29 से 31 दिसंबर तक हुआ। प्रतियोगिता में उत्तरी भारत के विभिन्न रा'यों के खिलाड़ियों ने बढ़चढ़कर भाग लिया। कराटे प्रतियोगिता भी इंडस ग्लोबल अकादमी किनाना के प्रभाव से वंचित नहीं रही। कोच नवजोत ने बताया कि इस कराटे प्रतियोगिता में इंडस ग्लोबल अकादमी के दीपेश ने 30 किलोग्राम वर्ग में भाग लेते कांस्य पदक, दक्ष ने 35 किलोग्राम वर्ग में भाग लेते कांस्य पदक, कशिश ने 40 किलो

विजेता खिलाड़ी इंडस ग्लोबल अकादमी किनाना के स्टाफ व कोच के साथ।

वर्ग में भाग लेते हुए रजत पदक, कदम ने 45 किग्रा वर्ग में भाग लेते हुए कांस्य पदक, धीरज ने 50 किग्रा वर्ग में भाग लेते रजत पदक व यमन ने 65 किग्रा वर्ग में भाग लेते स्वर्ण पदक हासिल किया। विजेता खिलाड़ियों की विशिष्ट उपलब्धि पर इंडस ग्लोबल अकादमी में खुशी की लहर दौड़ । विद्यालय के डायरेक्टर प्रवीन परूथी ने विजेता खिलाड़ियों, अभिभावकों एवं कोच नवजोत को बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ खेलों पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है। खेलों के माध्यम से हमारे अंदर आत्मविश्वास, एकाग्रता और मेलजोल की भावना बढ़ती है, इसलिए आज के छात्रों को शैक्षणिक योग्यता के साथ-साथ खेलों में भी विशेष स्थान बनाना चाहिए।

जींद। स्वयंसेवकों को संबोधित करते उप प्राचार्य प्रवीण कुमार। फोटो :हरिभूमि

बच्चे जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ें : प्रवीण

जींद। इंडस स्कूल प्रांगण में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के कैंप का शुक्रवार को समापन हुआ। कैंप का शुभारंभ स्कूल प्राचार्या अरूणा शर्मा ने किया। उन्होंने कैंप के माध्यम से बच्चों में अलग-अलग प्रकार की जागरूकता के माध्यम से बच्चों में हर दिन कुछ नया सीखने की सीख दी। इस कैंप में पहले और दूसरे दिन सफाई जागरूकता अभियान चला कर अर्बन एस्टेट के दो पाकोंर् की सफाई की गई, जिससे बच्चों के अंदर सफाई करने का भाव जागृत हुआ। तीसरे दिन बेटी पढाओ, बेटी बचाओ अभियान के माध्यम से नारी सशक्तिकरण की महिमा पर प्रकाश डाला गया एवं बच्चों ने रैली निकाल कर आमजन को जागरूक किया। चौथे दिन व्यक्तित्व निखार एवं पौधारोपण का कार्य किया। इसके माध्यम से बच्चों में पर्यावरण को स्वच्छ एवं सुंदर रखने की सीख मिली। पांचवें दिन स्कूल प्राचार्या अरूणा शर्मा ने बच्चों के अंदर जागरूकता भरते हुए सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन भी करवाया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों में बौद्धिक तथा व्यवहारिक ज्ञापन की वृद्धि होती है। छठे दिन डा. संदीप बूरा ने ने बच्चों को एनएसएस केमहत्व के बारे में बताया। कैंप की समाप्ति पर स्कूल उप प्राचार्य प्रवीन कुमार उपस्थित रहे और उन्होंने बच्चों को कैंप का महत्व, एनएसएस का महत्व बताया। जीवन में अपना लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

कौशल रोजगार निगम में नौकरी का झांसा दे हडपे एक लाख रुपये

जींद। हरियाणा कौशल रोजगार निगम में नौकरी लगवाने का झांसा देकर एक लाख हडपने का मामला सामने आया है। दस माह बीत जाने के बाद जब नौकरी नहीं मिली तो मांगने पर राशि लौटाने से भी मना कर दिया। शहर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर एक व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। राज नगर निवासी संदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी मखंड निवासी सतनाम से दोस्त की मार्फत जान पहचान हुई थी। सतनाम ने बताया था कि उसकी अधिकारियों से जान पहचान है। वह दो-चार युवकों को कौशल रोजगार निगम में नौकरी लगवा देगा। सतनाम की बातों में आकर उसने अपने भाई दीपक तथा जानकार गांव उगालन निवासी विक्की को नौकरी लगवाने के बारे में कहा। जिसके लिए एक लाख रुपये तथा दोनों के कागजात सतनाम को दे दिए गए। सतनाम ने आश्वासन दिया था कि एक माह में वह 'वायन करवा देगा। बावजूद इसके दस महीने बीत जाने के बाद भी दोनों की नौकरी नहीं लगी।

जींद अस्पताल का स्वास्थ्य बेडा मजबूत

जींद अस्पताल को मिले 14 कोरोना योद्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद अस्पताल को अपने 14 कोरोना योद्धा वापस मिल गए हैं। इन कर्मियों ने कोरोना काल के दौरान स्वास्थ्य विभाग के साथ कंधे से कंधा मिला कर काम किया था। बाद में कोरोना के मामले न आने पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा इन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया था। तब से लेकर ये कोरोना योद्धा आंदोलरत थे और दोबारा से 'वायनिंग की मांग कर रहे थे। अब एक बार फिर कोरोना के मामले सामने आने पर स्वास्थ्य विभाग को इन कोरोना योद्धाओं की याद आई और फिर से हरियाणा



जींद। ज्वायनिंग के लिए सीएमओ कार्यालय में कागजी कार्रवाई करते कर्मी।

कौशल विकास निगम के तहत 13 कोरोना योद्धाओं को 'वायन करवाया गया है। शुक्रवार को ये कोरोना योद्धा अपनी 'वायनिंग को लेकर जरूरी मेडिकल व कागजी कार्रवाई करते हुए नजर आए और इनके चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। जिन 14 कोरोना योद्धाओं को 'वायनिंग मिली है उनमें छह एलटी, दो वार्ड ब्वाय, दो हैल्पर, तीन स्टाफ नर्स, एक डीईओ शामिल हैं। इनमें विक्रम सिंह डीईओ पद पर, मनजीत, विक्की, सीमा, नरेंद्र, ममता, रेणू लैब टैक्नीशियन पद पर, नरेश व प्रदीप वार्ड ब्वाय, सियाराम, जगबीर सिंह हैल्पर, मीना रानी, समता व मोनिका को स्टाफ नर्स पद पर हरियाणा कौशल विकास निगम के तहत 'वायनिंग मिली है। शुक्रवार को पूरा दिन सभी 13 कोरोना योद्धाओं ने अपनी 'वायनिंग को लेकर कागजी कार्रवाई की और इन्हें वैकेंट सीटों पर स्टेशन अलॉट किए गए। कोरोना काल के दौरान व्यवस्थाओं को बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने अनुबंध आधार पर कुल 37 कर्मियों की नियुक्ति की थी। इन कर्मियों ने कोरोना काल के दौरान स्वास्थ्य विभाग की जमकर सेवा भी की थी।

करवाया जाएगा ज्वायन : सीएमओ

सीएमओ डा. गोपाल गोयल ने बताया कि हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से 14 कर्मियों की 'वायनिंग करवाई जाएगी। इन कर्मियों को रिक्त पदों पर एडजस्ट किया जा रहा है। छह एलटी मिलने से सैंपलिंग का कार्य और बेहतर ढंग से होगा। कोरोना संक्रमण के मामलों को देखते हुए अस्पताल में भी सैंपलिंग का कार्य शुरू कर दिया गया है।

विवि में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम लागू करने की तैयारी शुरू

जींद। हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार आगामी सत्र से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में लागू करने के लिए चौधरी रणबीर सिंह विवि कुलपति डा. रणपाल सिंह की अध्यक्षता में कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन व सभी संकायाध्यक्षों के साथ बैठक ली। जिसमें स्नातक स्तर पर लागू की गई राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर विचार-विमर्श किया और इसे स्नातकोत्तर स्तर पर लागू करने के लिए चर्चा की । अवसर पर कुलपति ने सभी संकायाध्यक्षों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति .2020 के अनुसार स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए ड्राफ्ट तैयार करने के निर्देश दिए। चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय हरियाणा में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के बाद दूसरा विश्वविद्यालय है, जिसने स्नातक स्तर पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू की है। प्रभावी रूप से क्रियान्वित करने के लिए यदि इसमें कुछ संशोधन करने की आवश्यकता होगी तो वह भी अवश्य किए जाएंगे और आगामी सत्र से विवि में स्नातकोत्तर स्तर पर भी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार पाठ्यक्रम लागू किया जाएगा।

खबर संक्षेप

तंबाकू सेवन के नुकसान बताए

पूंडरी। राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पूंडरी में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन के प्रथम सत्र में जेआरसी सुशील सैनी ने स्वयं सेविकाओं को प्राथमिक चिकित्सा और होम नसिंर्ग की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्राथमिक चिकित्सा क्यों जरूरी है। उन्होंने कहा कि डब्ल्युएचओ की रिपोर्ट के अनुसार दुर्घटनाओं की मृत्यु दर को कम करने के लिए प्राथमिकी चिकित्सा बहुत जरूरी है।

स्वयं सेवकों को दिया नशामुक्ति का संदेश

राजौंद। शहीद सिपाही मिथिया राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भाना में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के तीसरे दिन नशा मुक्ति का स्वयंसेवकों को संदेश दिया गया। इस दौरान उन्होंने मुख्य अतिथि के रूप में गणित प्राध्यापक बलिंदर सिंह ने बताया कि किशोरावस्था के समय नशे की लत लगने की संभावना सबसे अधिक रहती है। उन्होंने कहा कि युवाओं को इस आयु के दौरान विशेष रूप से सचेत रहना चाहिए।

गांव भागल मे विशाल यज्ञ संपन्न : मांगे राम

गुहला-चीका। हलका गुहला के आदर्श गांव भागल में प्राचीन डेरा बाबा पीर बादशाह भुसला रोड पर पांच दिवसीय श्री मारुति नंदन अनुष्ठान और विशाल यज्ञ संपन्न हुआ डेरा बाबा पीर बादशाह पर 41 दिनों से खड़ी तपस्या कर रहे बाबा शिवपुरी जी महाराज ने बताया कि गांव भागल में सुख शांति व समृद्धि व सर्व कल्याण हेतु वे पिछले 41 दोनों से खड़ी तपस्या कर रहे हैं। अंजनी पुत्र मारुति नंदन वीर हनुमान की प्रसन्नता हेतु 5 दिवसीय पाठ पूजा करके आज विशाल हवन यज्ञ का आयोजन किया गया।

सात दिवसीय संस्कृत जागरूकता शिविर शुरू

कैथल। कैथल में श्री ग्यारह रूद्री शिव मंदिर में संस्कृत भारती के 7 दिवसीय भाषा प्रबोधन वर्ग शिविर की शुरूआत हुई। प्रदेश स्तरीय शिविर में हरियाणा के 15 जिलों के 60 विद्यार्थी हिस्सा ले रहे हैं। शिविर के दौरान संस्कृत भाषा के प्रचार व प्रसार के लिए युवाओं को तैयार किया जा रहा है ताकि वह लोगों को इस देव भाषा के प्रति जागरूक कर सकें। इसी महीने की 12 जनवरी को संपन्न होने वाले शिविर में हिस्सा ले रहे युवाओं के रहने व खानपान की व्यवस्था संस्कृत भारती ने की है। कार्यक्रम में जानकारी दी गई।

ग्रामीणों को नशा न करने बारे किया गया जागरूक

कैथल। पुलिस टीम द्वारा कैथल जिले में आमजन को नशे के दुष्परिणामों बारे लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसी मुहिम तहत शुक्रवार को जागरूकता टीम में शामिल इंस्पेक्टर सतीश कुमार, पीएसआई रामलाल, एचसी सुखबीर सिंह, एचसी सुनील कुमार तथा चालक संजयदत्त द्वारा गांव हरिगढ़ किंगन व थेह बनहेड़ा में आमजन व मौजिज व्यक्तियों को नशे के प्रति जागरूक करने के साथ साथ इस अभियान को सफल बनाने में आमजन से सहयोग की अपील की है। डीएसपी कुलदीप बेनीवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि नशा नुकसान के सिवा कुछ नहीं देता है।

यातायात नियमों का पालन कर अपने आप को रख सकेंगे सुरक्षित

एनएसएस कैंप में विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी दी

जिला यातायात एसआई रमेश कुमार की टीम ने स्कूल में लगाया सड़क सुरक्षा कैंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला यातायात एसआई रमेश कुमार की टीम द्वारा ढांड सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों को एनएसएस कैंप दौरान यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि यातायात नियमों का पालन कर न केवल आप सुरक्षित रहेंगे बल्कि व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस को भी बहुत अधिक सहायता करते हैं। एसएचओ द्वारा रोड साइन और स्पीड रिफ्लेक्टर, हेलमेट, सीट बेल्ट के बारे में जानकारी दी। उन्होंने छात्र-छात्राओं को सड़क दुर्घटना में होने वाली हर प्रकार की स्थिति तथा उसे बचने के लिए सड़क सुरक्षा के बनाए गए नियमों को धारण करने के विषय में बताया और यातायात चालान के बारे में भी जानकारी दी गई। बच्चों को पुलिस के कार्य और पुलिस की ड्यूटी व एक अच्छा नागरिक बनने का भी पाठ पढ़ाया। उन्होंने कहा कि कम उम्र के बच्चे बिना लाइसेंस के वाहन चलाते हैं और उन्हें यातायात नियमों का ज्ञान भी नहीं होता जो ऐसा करके दुर्घटनाओं को न्योता देते हैं। और साथ में दूसरों की जान को भी खतरे में डालते हैं। उन्होने विद्यार्थियों को पुलिस हेल्पलाइन नंबर डायल 112 के बारे में भी बताया। जिसके माध्यम से आप कम से कम समय में पुलिस की सहायता प्राप्त कर सकते हैं। सडक दुघर्टनाओं में गिरावट दर्ज करने के लिए पुलिस द्वारा बताया गया कि किसी भी प्रकार के नशे की हालत में कभी वाहन न चलाए।

कैथल। जेड किंग इंस्टीट्यूट के एमडी नरेश कुमार विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

नरेश कुमार ने स्वयं सेवकों को बताए आईटी के गुर

कैथल। पी एम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कमालपुर में चल रहे विशेष सात दिवसीय एन एस एस कैम्प में जेड किंग इंस्टीट्यूट के एमडी नरेश कुमार और सीमा ने साइबर सिक्योरिटी के तहत स्वयंसेवकों को मॉडर्न समय में हैकर्स के द्वारा लगातार कस्टमर्स को नाना तरह से प्रलोभन देकर बहला फुसलाकर उनकी उपयोगी जानकारी को चुराकर उन्हें ठगने के बारे में जागरूक किया गया। जैसे कि फिशिंग मैलवेयर डुप्लीकेट वेबसाइट्स बैंकिंग फ्रॉड्स इत्यादि। इसके साथ साथ आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। डिजिटल लाइफ और टेक्निकल लाइफ और आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस के मध्य संतुलन बना कर चलने के लिए प्रेरित किया गया।

एनएसएस शिविर का आयोजन

पूंडरी। ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय फतेहपुर-पूंडरी में एनएसएस सेल द्वारा सात दिवसीय विशिष्ट कैंप का प्राचार्या डॉक्टर शशी किरण ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्त्रम का शुभारंभ किया। कैंप के प्रथम दिवस का आरंभ भगवान की प्रार्थना से किया गया। उसके योग, प्राणायाम भी किया गया। प्राचार्या ने एनएसएस की स्वयं सेविकाओं को राष्ट्रीय सेवा सुरक्षा के उद्देश्य व उसके कार्यक्त्रमों से अवगत करवाया। उसके पश्चात दूसरे सत्र में स्वयं सेविकाओं ने अपने आसपास के वातावरण व समाज से समस्याओं का चुनाव कर उनके कारणों पर प्रकाश डाला। इसके साथ-साथ उन्होंने अपने सुझाव भी प्रस्तुत किए। तृतीय सत्र में वाद-विवाद प्रतियोगिता की गई। इसके पश्चात खेलकूद संबंधी गतिविधियां भी करवाई गई। इस अवसर पर एनएसएस अधिकारी डॉक्टर सोनिया दहिया के अतिरिक्त डॉ विनय खुरानिया, डॉक्टर मीनू, डॉक्टर गीता जयसवाल , डॉक्टर अमिता राणा, डॉक्टर निधि, डॉक्टर प्रेम, डॉक्टर अनु व डॉक्टर पुष्पा भी मौजूद रही।

विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

- स्वयंसेवकों को पटियाला के एतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों का भ्रमण करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

पूंडरी। डीएवी पब्लिक स्कूल पूंडरी के विधार्थी शिविर में भाग लेते।

डीएवी पब्किल स्कूल पूंडरी में प्राचार्या साधना बख्शी जी के निर्देशन में चल रहे एनएसएस शिविर के आज छटे दिन स्वयंसेवकों के लिए शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस कड़ी में स्वयंसेवकों को पटियाला के एतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों का भ्रमण करवाया गया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अमित कुमार के नेतृत्व में स्वयंसेवकों को पटियाला स्थित प्राचीन कीला मार्ग, शीश महल, प्रसिद्व काली माता मंदिर, दुःख निवार्ण गुरूद्वारा, छोटी बारादरी सहित अनेकों एतिहासिक एवं पुरातन स्थलों का भ्रमण करवाया गया। इस मौके पर भ्रमण के बारे में अपने विचार सांझा करते हुए स्वयंसेवकों ने बताया कि यह भ्रमण उनके लिए रोमांच से भरा रहा। उन्होंने पुरातन एवं एतिहासिक सांस्कृतिक धरोहरों के बारे में जानकर बहुत रोमांच का अनुभव हुआ। उन्हें इनसे बहुत कुछ सीखने को मिला। ये स्थल ज्ञान एवं खोज का अद्भुत भंडार हैं। हमारे ये एतिहासिक स्थल देश की विरासत है। उन्होंने बताया इस प्रकार शैक्षणिक भ्रमण पर जाने से ज्ञान और विज्ञान के बारे में सीखने का मौका मिलता है जो हमारी शिक्षा का एक भाग है। इस मौके पर अध्यापक दीपक बत्रा, मुनीष हंस, गुरदीप, नंद साहब, प्रतीक अरोड़ा, अध्यापिका श्रीमती शशि शर्मा व स्वदेश आदि रहे।

आरकेएसडी कालेज समिति का चुनाव कल

कैथल। रिटर्निंग ऑफिसर एवं प्रिंसिपल आरकेएसडी कॉलेज, कैथल डॉ. संजय गोयल ने बताया कि 7 जनवरी, 2024 को होने वाले राष्ट्रीय विद्या समिति चुनाव में वोट डालने के लिए कुछ दिशानिर्देश हैं। प्रत्येक मतदाता अपना वोट व्यक्तिगत रूप से ही डालेगा। मतदाताओं को मतदान के समय निम्नलिखित में से कोई भी मूल पहचान प्रमाण लाना आवश्यक है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्वाचक मतदाता पहचान पत्र (ईपीआईसी), पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, आधार कार्ड, सेवा पहचान आवश्यक है चुनाव के सुचारू संचालन के लिए चुनाव के लिए विभिन्न कर्मचारी समितियों का गठन किया गया है।

कैथल। ओएसडीएवी स्कूल की प्रधानाचार्य अंजु तलवाड़ रैली को हरी झंडी देकर रवाना करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

आचार्य रामचरण ने स्वयं सेवकों को करवाए योगासन

कैथल। ओएसडीएवी पब्लिक स्कूल, कैथल में चल रहे सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में चौथे दिन की शुरूआत पतंजलि योग पीठ से आमंत्रित योगाचार्य रामचरण के द्वारा कराए गए योगाभ्यास के साथ हुई। इसके बाद स्वयंसेवकों ने सामाजिक विषयों से संबंधित नारा लेखन किया। तत्पश्चात एच डी एफ सी बैंक से पधारे आज के विशिष्ट अतिथि ललित कुमार व पंकज कुमार ने शिविरार्थियों को वित्तीय साक्षरता के संबंध में विशेष जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम की इस श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए स्वयंसेवकों द्वारा सामाजिक जागरूकता रैली निकाली गई तथा रैली के समापन स्थल पर बालश्रम पर आधारित नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजु तलवाड़ ने शिक्षाप्रद व मनोहारी प्रस्तुति के लिए संबंधित प्रशिक्षकों और शिविरार्थियों को हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया।

कैथल। अशोक गुर्जर को दोबारा भाजपा जिलाध्यक्ष बनने पर बधाई देते हुए भाजपा नेता मुनीष कठवाड़। *फोटो : हरिभूमि*

अशोक गुर्जर के नेतृत्व में भाजपा होगी मजबूत

कैथल। भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं जिला परिषद के पूर्व वाइस चेयरमैन मुनीष कठवाड़ ने भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर ढांड को दोबारा फिर से भाजपा का कैथल जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर अशोक गुर्जर का पुष्प गुच्छ व शॉल ओढ़ाकर बधाई देकर सम्मान किया। इस मौके पर बातचीत करते हुए पूर्व वाइस चेयरमैन मुनीष कठवाड़ ने अशोक गुर्जर को दोबारा जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सांसद नायब सिंह सैनी व भाजपा हाईकमान का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अशोक गुर्जर के कुशल नेतृत्व में भाजपा पहले की तरह जिले में ओर अधिक तेज गति से मजबूत व सशक्त होगी। अशोक गुर्जर भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकत्राओं को साथ लेकर चलते हुए पार्टी को मजबूत करने में लगातार जमीनी स्तर पर जमकर पसीना बहा रहे है।

कार्यक्रम के तहत मिशन बुनियाद व सुपर 100 का आयोजन

- मिशन बुनियाद में बच्चों को कोचिंग के साथ वर्दी व खाने की सुविधा मुफ्त दी जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन

सीवन। रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। *फोटो : हरिभूमि*

शहीद गिरधारी लाल राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीवन में खंड स्तर पर एक दिवसीय प्रतिभा खोज कार्यक्रम के तहत मिशन बुनियाद एवं सुपर-100 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर एस.डी.एम. गुहला कृष्ण कुमार एवं ओनरएरी गेस्ट जिला शिक्षा अधिकारी रविंद्र कुमार तथा खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश कैंदल ने शिरकत की। कार्यक्रम का प्रबंधन एवं देखरेख विद्यालय एवं स्कूल प्रबंधन समिति की ओर से की गई। प्रधानाचार्य स्टेट अवार्डी सुदर्शन शर्मा एवं समस्त स्टाफ सदस्यों तथा एन.सी.सी. कैडेट ने कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का स्वागत किया। मंच संचालन प्राध्यापिका रेखा बिंदलिश द्वारा किया गया। सुबह विभिन्न विद्यालयों से आए हुए छात्रों का रजिस्ट्रेशन किया गया। कार्यक्रम से पहले कैथल में कार्यरत डी.एस.एस. अनिल तंवर ने विभिन्न विद्यालयों से आए हुए छात्रों एवं अभिभावकों को इस कार्यक्रम के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी कि किस प्रकार छात्र इस कार्यक्रम के तहत नीट एवं जे.ई.ई. की कोचिंग निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि हरियाणा में मिशन बुनियाद कार्यक्रम वर्ष 2022 से शुरू किया गया। मिशन बुनियाद में बच्चों को कोचिंग के साथ-साथ वर्दी एवं खाने- पीने की सुविधा भी मु त दी जाती है तथा सुपर 100 में छात्रों को रहने की व्यवस्था भी सरकार द्वारा मु त में प्रदान की जाती है। मिशन बुनियाद व सुपर-100 कार्यक्रम का प्रबंधन एवं संचालन सरकार के सहयोग से नवीन मिश्रा द्वारा चलाया जा रहा हैं। कार्यक्रम के तहत विभाग द्वारा तैयार की गई विडियो दिखाई गई जिसमें मिशन बुनियाद एवं सुपर-100 की कोचिंग ले रहे बच्चों एवं इस कार्यक्रम से जुड़े लोगों के अनुभवों को दर्शाया गया था।

हिट एंड रन कानून का विरोध जारी

कैथल। हिट एंड रन कानून के विरोध में सोमवार से शुरू हुई ट्रांसपोर्टरों की हड़ताल शुक्रवार को पांचवें दिन भी जारी रही। ट्रक चालकों ने शहर में अलग-अलग स्थान पर अपने वाहन खड़े रखें और लोडिंग बंद रखी। सरकार के आश्वासन के बाद भी ट्रक चालक लिखित में समझौता न होने से नाखुश है। जिला कैथल में 5 दिनों से जारी हड़ताल के कारण लगभग 25 करोड़ से अधिक का कारोबार प्रभावित हुआ है। नए कानून के विरोध में ट्रक चालकों ने हड़ताल पर चर्चा की। चालकों ने ट्रांसपोर्टर्स से हड़ताल के बारे में दिशा निर्देश लिए। सभी ने मिलकर यह फैसला लिया कि जब तक उनके पास दिल्ली से कोई लिखित सूचना नहीं आ जाती वह हड़ताल जारी रखेंगे।

यात्रा के दौरान बताई मोदी की योजनाएं

- गांव बरटा, धनौरी, फतेहपुर पहाड़पुर और उमेदपुर में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल। उम्मेदपुर में एससी आयोग के सदस्य रवि तारावांली महिलाओं को गैस कनेक्शन वितरित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

कैथल खंड के गांव बरटा और धनौरी तथा सीवन खंड के गांव फतेहपुर पहाड़पुर और उमेदपुर में विकसित भारत संकल्प एवं जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन हुआ और मौके पर ही जन कल्याणकारी योजनाओं से पात्र वंचितों को योजानाओं का लाभ दिया। इन कार्यक्रमों में गांव बरटा और धनौरी में एसईपीओ अनुराग दत्त तथा गांव पहाड़पुर और उम्मेदपुर में एससी आयोग के सदस्य रवि तारावांली ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की और विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया। इन कार्यक्रमों के दौरान मुख्य अतिथियों ने ग्रामीणों को संबोधित किया गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही हमारा देश पूर्ण रूप से विकसित बनेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि जब वर्ष 2047 में देश की आजादी के 100 वर्ष पूरे हों, तब तक हमारा देश पूर्णरूप से विकसित हो। पात्र व्यक्ति सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का फायदा उठाएं और देश को विकसित बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। यह देश के विकसित होने का ही प्रमाण है कि लोगों को पहले से कहीं अधिक बेहतर ढंग से शिक्षा, स्वास्थ्य व परिवहन की सेवाएं मिल रही हैं। देश में औद्योगिक विकास तेजी से हो रहा है।

स्वयं सेवकों ने लगाई वेस्ट-टू बेस्ट प्रदर्शनी

कैथल। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चंदाना में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के छठे दिन मुख्य अतिथि के रूप में डायट प्रिंसिपल सुभाष चंद्र वर्मा और श्री नरेंद्र बलयान द्वारा शिरकत की गई प्रथम सत्र में कृषि विभाग से आए मनोज कुमार ने ऑर्गेनिक खेती और रासायनिक खादो से हो रहे भूमि को नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी दी । द्वितीय सत्र में स्वयंसेवकों द्वारा विद्यालय में पिछले 2 साल में वेस्ट टू बेस्ट थीम पर आधारित उत्पादन की प्रदर्शनी लगाई गई जिसमें विद्यार्थियों ने पॉलिथीन मुक्त हरियाणा का संदेश देते हुए कपड़े के थैली, पायदान, रसिया, और सजावट का सामान आदि का प्रदर्शन किया गया।

हर पात्र तक पहुंचा लाभ

पूंडरी। इंडियन इंडस्ट्रीज आईबीबीए के प्रदेशाध्यक्ष भाजपा नेता हरीशलाल व भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश सचिव बलकार गोलन ने कहा कि वे भाजपा ने हर पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का काम किया है। दोनों नेता दूसरी बार नियुक्त हुए भाजपा के जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर से मिलने के बाद पूंडरी में कार्यकर्ताओं से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अशोक गुर्जर को दूसरी बार जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर कहा कि इससे संगठन को जिले में लगातार मजबूती मिलती जा रही है। उन्हें विश्वास है कि अशोक गुर्जर की अध्यक्षता में आगामी लोकसभा व जिले की चारों विधानसभा की सीटों पर कमल खिलेगा। भारतीय जनता पार्टी की सरकार लगातार हरियाणा में विकास की लहर चला रही है।

सूचना

मैं, मीना कुमारी पत्नी श्री सोहन सिंह पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी छौत तहसील व जिला कैथल बयान करती हूं कि मैंने अपना नाम बदलकर मीना कुमारी (Meena Kumari) से मीना (Meena) रख लिया है। भविष्य में मुझे मीना (Meena) के नाम से जाना व पुकारा जाए।

मौके पर सभी ने ली हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ

योजनाओं का लाभ लेकर पात्रों तक पहुंच रही गारंटी वैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

राज्यमंत्री कमलेश ढांडा मंडवाल में लोगों को विकसित राष्ट्र की शपथ दिलाते हुए।

राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि जरूरतमंद एवं गरीब पात्र व्यक्ति तक केन्द्र और राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा अहम साबित हो रही है। यात्रा के तहत गांवों में हजारों लोगों ने योजनाओं का लाभ एवं जानकारी प्राप्त की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी वैन योजनाओं से पात्र वंचितों के जीवन में खुशहाली ला रही हैं। राज्यमंत्री कमलेश ढांडा राजौंद खंड के गांव मंडवाल में पहुंची विकसित भारत संकल्प एवं जन संवाद यात्रा के कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित कर रही थी। राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए स्टॉल का अवलोकन किया और मौके पर ही उपस्थित ग्रामीणों को वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई तथा योजनाओं से वंचित पात्र व्यक्तियों को लाभ व जानकारी प्रदान की। राज्यमंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं पर सबसे पहला हक गरीब एवं जरूरतमंद पात्र व्यक्ति का है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में केन्द्र व राज्य सरकार इस कार्य को बखूबी कर रही है। उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार की ओर से पात्र नागरिकों को लाभ देने के लिए ही योजनाओं की शुरूआत की जाती है। ऐसे में प्रत्येक पात्र व्यक्ति का हक है कि उसे योजनाओं का लाभ मिले। इससे पहले राजौंद खंड के गांव कुकरकंडा में विकसित भारत संकल्प एवं जन संवाद यात्रा पहुंची थी, जिसमें डिप्टी सीईओ जिला परिषद कंचन लता ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस मौके पर एसीईओ कंचन लता, बीजेपी नेता कपिल दीक्षित, सरपंच तरसेम सिंह, दीपक, पाला, रोहतास, कुलविंदर सिंह, महेंद्र सिंह, कुलदीप सिंह, यादविंद्र सिंह, होशियार सिंह, मामराज शर्मा, सतबीर, ईश्वर, राममेहर, सुरेंद्र, राजेंद्र, महेंद्र, राजकुमार, सतपाल, नसीब, करण सिंह आदि मौजूद रहे।

RASAM PAGRI

With profound grief and sorrow,
we inform the sad demise of our beloved
SMT. SHANTI DEVI GUPTA
W/o Late Sh. Kapuri Lal Gupta on 27.12.2023

Rasam pagri will be held on 07.01.2024 (Sunday)
from 2:00 pm to 3:30 pm
at GEETANJALI GARDEN, Murthal Road, Sonipat (Haryana)

In Grief

J.C. Gupta (Son) — ETO (Retd.)
CA. Pawan K. Gupta (Son) — S. P. Chopra & Co., Chartered Accountants, New Delhi
CA. Prateek Gupta (Grand Son)
Ajay Gupta (Grand Son) — Ajay Investments Centre, Sonipat
Pankaj Gupta (Grand Son) — Gupta Bros., Caterers, Sonipat
Gaurav Gupta (Grand Son) — Mateshwari Drugs and
Rajnish Gupta (Grand Son) — General Store, Sonipat, Haryana

Mobile.: 98102 77251, 98960 51975, 98964 33438, 98963 51975, 90345 24101
H.No. 3317, Sector-15, Sonipat, Haryana

FIT INDIA

Indus GROUP OF SCHOOLS

ATAL TINKERING LAB

Transforming Young Minds into National Assets

98.2%
Bhoomi
Distt. Non- Med. Topper

CBSE Class XII - 2023

95% & Above – 31+ Students	90% & Above – 115+ Students
80% & Above – 277+ Students	75% & Above – 162+ Students

98.8%
Aditya
Distt. Topper

CBSE Class X - 2023

95% & Above – 119+ Students	90% & Above – 156+ Students
80% & Above – 324+ Students	75% & Above – 138+ Students

JEE Advanced -2023
Kartvya

NEET-2023
SWASTI
643/720

CLAT-2023
Anushka Maulimanni Jain

1st in Nach Le India (National Dance Platform)
Vansh

Silver Medal in National wrestling 65 Kg
GARIMA DHANDA

National Shooting Player
LAKSHYA

2nd Position in Taekwondo State Level
SANVI

ARYAN
NEET TOPPER 2023

NIYANTA
NEET TOPPER 2023
685/720

MAHIR & JHANKAR
COMBAT JU-HYTSY WORLD CHAMPIONSHIP

HARSHIT
JEE TOPPER 2023

PRACHI
Silver Commonwealth Games

KANUPRIYA
Silver Sub- Jr. Asian Games

National ARMY QUIZ 'Battle of Minds' 7th out of 32441 Schools

BHARAT KO JANO 2023 (1st Position in Distt.)

Super Achievements of INDUS GROUP (Session 2023-24)

- 31 STUDENTS IN NEET
- 18 STUDENTS IN JEE Advanced
- 14 STUDENTS IN NDA
- 06 National Players in Shooting
- 26 National Players in Karate
- 34 National Players in Fencing
- 11 National Players in Cricket
- Rowing National Gold

SCHOLARSHIP CUM ADMISSION TEST

(For Grades I to IX & XI)

Sunday, 4th February 2024 at 10:00 AM

Our Campuses :

Rohtak 9992900573 | **Jind** 9729606705 | **Kaithal** 7082951005 | **Mirchpur** 7056718900 | **Hisar** 9466479143 | **Karnal** 9671111069 | **Kinana** 9728704032 | **Pillukhera** 9254041041 | **Khanda Kheri** 9466572571 | **Durg** 7882287000 | **Bilaspur** 7771011656 | **Korba** 77522 32662

www.induseducation.org